हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

10 ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरे चौकीदार




10 सीआरएस में एल्युमिनी मीट का आयोजन



## खबर संक्षेप

### 35 तोले सोना, 3 लाख की नकदी ले उड़े चोर

**जींद।** पंजाबी चौक नरवाना में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 35 तोले सोने के जेवरात, चांदी के गहने तथा तीन लाख रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंजाबी चौक निवासी राजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश बाहर गया था।

### डोडा पोस्त सप्लायर को किया गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस के एएसआई सुभाष चंद्र द्वारा आरोपी खरकां निवासी बब्बु राम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च को एंटी नारकोटिक सैल के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर खरकां निवासी गुरचरण के मकान पर दबिश देकर आरोपी गुरचरण को काबू किया गया था।

### गाली गलौज करने से रोकने पर किया हमला

**जींद।** भिवाना रोड पर मकान के बाहर गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपितों ने कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनिकेत ने शिकायत मे बताया कि मोहल्ला का ही रिशभ व उसके साथ उसके मकान के बाहर गाली गलौज कर रहे थे।

### राशन से वंचित 8 मार्च तक प्राप्त करें: निशांत

**कैथल।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि जो लाभार्थी मास फरवरी,का राशन प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वे राशन 8 मार्च तक डिपो धारकों के से प्राप्त कर सकते हैं। यदि लाभार्थी को राशन वितरण के संबंध में कोई शिकायत है तो नियंत्रक अधिकारी, निरीक्षक या मुख्यालय पर राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र के टोल फ्री नंबर 1800-180-2087 या 1967 शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### परीक्षा देने गई युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव फैरण कलां से परीक्षा देने के लिए घर से निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव फैरण कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### ट्रैक्टर पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों को 45 एचपी व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर 1 लाख का अनुदान दिया जा रहा है, जिसके लिए किसान आगामी 11 मार्च तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### संदिग्ध हालत में मां और बेटी लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव खेड़ी मसानिया से मां व बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खेड़ी मसानिया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 फरवरी को उसकी पत्नी तथा बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर पत्नी तथा बेटे का कोई सुराग नही लगा।

### सरकार बिजली पेंशनर्स की मांगों को पूरा करे

**सफीदों।** बिजली पेंशनर्स वै.एसो. का 5वां प्रांतीय सम्मेलन नगर की महाराजा शूरसैनी धर्मशाला में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि प्रांतीय अध्यक्ष एसके गर्ग ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता संरक्षक स. दलीप सिंह नत्त व संचालन यूनिट प्रधान आर.पी. वशिष्ठ ने किया।

# दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर गुजरने वाली पैसेंजर ट्रेनों का किराया घटा

## रेल यात्रियों के लिए राहत, दिल्ली जाने के लिए मात्र 30 रुपये खर्च करने पड़ेंगे जबकि बस में 150 रुपये किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेल यात्रियों के लिए राहत है। दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर गुजरने वाली पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम हो गया है। अब यात्री को दिल्ली के लिए मात्र 30 रुपये खर्च करने पड़ेंगे जबकि बसों में 150 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। कोरोनाकाल से पहले पैसेंजर ट्रेन में भी 65 रुपये लगते थे, जिससे यात्री की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया था लेकिन अब रेलवे प्रबंधन ने यात्रियों को राहत दी है। अब किराये में जो राशि कोरोनाकाल से पहले लगती थी, अब वही राशि किराये के रूप



लगेगी। कोरोना संक्रमण के बाद से जींद से कुरुक्षेत्र के लिए 60 रुपये किराया लगता था, जो अब 30 रुपये हो गया है। वहीं जींद से पानीपत के लिए 45 रुपये की जगह 20 रुपये, जींद से रोहतक के लिए 35 रुपये की जगह 20 रुपये, जींद से टोहाना के लिए 35 की जगह 20 रुपये, जींद से नरवाना के लिए 30 की जगह दस रुपये, जींद से दिल्ली के लिए 60 की जगह 30 रुपये, जींद से सोनीपत के लिए 50 की जगह 25 रुपये व रेवाड़ी के लिए 65 की जगह 35 रुपये किराया हो गया है।

### आधा किराया लगेगा

जींद रेलवे जंक्शन स्टेशन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि पिछले दिनों रेलवे ने पत्र जारी किया था। उसके बाद अब किराया कम लागू कर दिया है। रेलवे ने किराया कम कर यात्रियों की जेब पर आर्थिक बोझ कर दिया है। कोरोनाकाल में बढ़ाए गए पैसेंजर ट्रेनों का किराया घटा दिया है। अब पैसेंजर ट्रेनों में आधा किराया लगेगा, जो कोरोना काल से पहले लगता था।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के समय रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों का स्पेशल के नाम पर किराया बढ़ा दिया था। वह अब वापस ले लिया है। जींद से दिल्ली, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी रूट पर हर रोज आठ ट्रेन चलती हैं। 2020 में कोरोना संक्रमण के दौरान लंबे समय तक ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया था। जब स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन चली तो पैसेंजर ट्रेनों में भी स्पेशल के नाम एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया लागू कर दिया था। इसके चलते पहले की अपेक्षा किराया लगभग 50 प्रतिशत बढ़ा दिया था। अब चार साल बाद रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम करते यात्रियों को बड़ी राहत दी है। प्रतिदिन जींद से दिल्ली चलने वाले पैसेंजर ट्रेन रेलवे ने दोबारा शुरू कर दी है। यह ट्रेन किन्ही कारणों के चलते वर्ष 2022 में बंद कर दी गई थी। इससे यात्रियों को दिल्ली-जींद के बीच आवागमन करने में राहत मिलेगी। ट्रेन नंबर 04988 जींद-दिल्ली पैसेंजर शाम 3. 50 मिनट पर जींद से चलती थी। इसके बाद यह ट्रेन 5 . 01 पर रोहतक पहुंच जाती है। फिर 5. 56 पर बहादुरगढ़ पहुंच जाएगी। वहां से 7. 42 पर दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन का सबसे ज्यादा जींद के लोगों को होगा क्योंकि जींद से दिल्ली के लिए ट्रेन दोपहर बाद 2 . 30 मिनट पर चलती है। उसके बाद दिल्ली जाने के लिए अगली ट्रेन साढ़े 4 घंटे बाद थी। ऐसे में दिल्ली के लिए यात्रियों को कई घंटे इंतजार करना पड़ता था लेकिन इस ट्रेन का आवागमन शुरू होने से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल गई है।

## सिजेरियन डिलीवरी को लेकर नागरिक अस्पताल की बढ़ी परेशानी

# जिले में मात्र एक गायनेकोलॉजिस्ट चोट लगने से चार दिन की छुट्टी पर

## गर्भवती महिलाओं की बढ़ी परेशानी, प्रत्येक माह 60 से 70 सिजेरियन डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी करवाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए सभी सिविल सर्जनों को पत्र भी जारी किए गए हैं लेकिन चिकित्सकों के अभाव में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जींद का नागरिक अस्पताल भी इससे अछूता नही है।

जिला की एक मात्र सरकार अस्तपाल में नियुक्त गायनेकोलॉजिस्ट (महिला रोग विशेषज्ञ) डा. मोनिका पूनिया हैं, जिन्हें चोट लग गई है। जिसके चलते उन्होंने चार दिन की छुट्टी अप्लाई की है। ऐसे में मंगलवार से गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने फिल्ड से महिला चिकित्सक की डिमांड की है। नागरिक अस्पताल में डा. मंजू ओपीडी देखती हैं। यहां प्रतिदिन 300 के आसपास महिलाओं की जांच होती है। इतनी संख्या में गर्भवतियों की जांच में परेशानी आती है। इस कारण अस्पताल में लगभग दो बजे तक भी महिलाओं की लाइन लगी रहती है। वहीं दूसरी तरफ डिलीवरी के लिए भी एक महिला रोग विशेषज्ञ डा. मोनिका पूनिया है। प्रतिदिन अस्पताल में 10 से 12 महिलाओं की डिलीवरी होती हैं। इनमें से तीन से पांच महिलाओं का सिजेरियन भी करना पड़ता है।




जींद। नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग स्थित प्रसुति गृह। फोटो :हरिभूमि

यदि एक समय में दो से तीन महिलाओं का सिजेरियन करना होता है तो परेशानी बढ़ जाती है। जिसके चलते दूसरी महिलाओं को इंतजार करना पड़ता है। जिले की आबादी लगभग 14 लाख के आसपास है। पूरे जिले के सरकारी अस्पतालों में केवल जींद के नागरिक अस्पताल में ही एक महिला रोग विशेषज्ञ डा. मोनिका पूनिया हैं। कई बार इमरजेंसी में रात को भी डिलीवरी के लिए डा. मोनिका पूनिया को अस्पताल आना पड़ता है। ऐसे में सरकारी सेवाओं में महिलाओं और खासकर गर्भवती महिलाओं की सिजेरियन से डिलीवरी करवाने और प्रसव के दौरान महिलाओं को सुरक्षित रखने का सारा दारोमदार डा. मोनिका पूनिया पर है।

### फिल्ड से महिला चिकित्सक को लेकर डिमांड भेजी : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. जितेंद्र कादियान ने बताया कि महिलाओं की डिलीवरी का पूरा कार्य डा. मोनिका पूनिया अकेले कर रही हैं। अगर रात को भी जरूरत के समय ऑपरेशन थिएटर में बुलाया जाता है। तो वह आती हैं। हालांकि विशेष परिस्थितियों में किसी निजी महिला रोग विशेषज्ञ को भी बुलाने का प्रावधान है। अब डा. मोनिका ने हाथ पर चोट लगने की वजह से चार दिन की छुट्टी ली है। ऐसे में फिल्ड से महिला चिकित्सक की डिमांड की गई है। महिला रोग विशेषज्ञ के लिए स्वास्थ्य निदेशालय को मांग भेजी हुई है।

### रोहतक रेफर करने की नौबत नही आएगी

गायनेकोलॉजिस्ट (महिला रोग विशेषज्ञ) डा. मोनिका पूनिया के हाथ पर चोट लगी है। जिसके चलते उन्होंने चार दिन की छुट्टी अप्लाई कर दी है। ऐसे में नागरिक अस्पताल में होने वाले सिजेरियन रामभरोसे पर आ गए हैं। अगर नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो प्रत्येक माह एक हजार से अधिक डिलीवरी होती हैं और इनमें से 70 से 75 तक सिजेरियन डिलीवरी भी होती हैं। डिलीवरी को लेकर लोग सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं पर अधिक भरोसा करते हैं। यदि नागरिक अस्पताल में दो से तीन महिला रोग विशेषज्ञ हों तो प्रतिमाह डिलीवरी का यह आंकड़ा और अधिक बढ़ सकता है और उन्हें रोहतक रेफर करने की नौबत नही आएगी।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो :हरिभूमि

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अशरफगढ़ निवासी टिंकू की पीजीआई रोहतक में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक टिंकू को गत 28 फरवरी को उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। वहां से परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए मौत का कारण बीमारी बताकर ले आए। शव को गांव में लाने पर परिजनों ने छह माह पहले मौत के मामले में पुलिस द्वारा की गई प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतक के परिजन सतपाल व कर्मबीर शव को सोमवार दोपहर के समय नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां पर शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए पुलिस को सूचना दी। इस पर परिजनों ने आरोप लगाया कि छह महीने पहले गांव में एक युवक की हत्या हुई थी। जिसकी हत्या हुई थी वह टिंकू का दोस्त था। इस शक में पुलिस ने टिंकू को उठा कर प्रताड़ित किया था। पुलिस द्वारा की गई प्रताड़ना से टिंकू उसी समय बीमार हो गया था। जिसके बाद वह चल फिर भी नहीं सका। उसी समय से उसका कई अस्पतालों में इलाज करवाया लेकिन वह ठीक नहीं हुआ। परिजनों ने पुलिस पर टिंकू की हत्या का आरोप लगाया है।

### आरोप निराधार: थाना प्रभारी

सदर थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि पुलिस पर जो प्रताडना के आरोप लगाए जा रहे हैं वो निराधार हैं। मंगलवार को शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जिसमें मौत के कारणों का पता चलेगा। इसके बाद इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। अशरफगढ़ गांव निवासी टिंकू की मौत बीमारी के कारण हुई है। टिंकू को 28 फरवरी को रोहतक पीजीआई में बीमारी होने पर दाखिल करवाया था लेकिन उनकी तीन मार्च को मौत हो गई। जहां पर मौत का कारण बीमारी बताया गया और बिना पोस्टमार्टम करवाए शव को घर ले आए थे। अब दोबारा से साजिशन पुलिस पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

# टटियाना बॉर्डर पर नाका खोलने की मांग

- किसान आन्दोलन व सरकार के हठ ने उजाड़कर रख दिया व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

पिछले 21 दिनों से किसान आन्दोलन लगातार जारी है, जिससे लोगों की परेशानियां निरंतर बढ़ती जा रही हं और दूसरी तरफ पंजाब व हरियाणा की दोनों सरकारों को भारी मात्रा में राजस्व का नुकसान भी हो रहा है परंतु ना तो किसान और ना ही सरकार टस से मस हो रही है और इन दोनों के बीच में लोग पिस रहे हैं नतीजतन किसी का व्यापार उजड़ रहा है तो किसी को मजदूरी नहीं मिल रही है। मालूम रहे कि पिछले 21 दिनों से हरियाणा पंजाब स्टेट हाई वे पर किसी भी किसान जत्थेबंदी द्वारा दस्तक नहीं दी गई है और ना ही आने वाले समय में इसकी कोई संभावना भी नजर नहीं आ रही है परंतु फिर भी प्रशासन द्वारा लोगों को किसी प्रकार की ढील नहीं दी जा रही है, जिसके चलते व्यापारी, किसान, मजदूर, विद्यार्थी व आम लोग अब सरकार के खिलाफ खुलकर रोष प्रकट कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार परेशान लोग स्थानीय प्रशासकीय अधिकारियों के साथ-साथ हलका विधायक से भी नाकों में ढील देने की गुहार लगा चुके हैं परंतु इसके बावजूद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है और प्रशासकीय भरोसेमंद सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है।



गुहला-चीका। टटियाना बार्डर पर तैनात पुलिस बल। फोटो :हरिभूमि

### आज कोर्ट में काम काज सस्पेंड रहेगा : बलजिंदर

**कैथल।** एक वकील पर एक लोहे की ग्रिल का काम करने वाले दुकानदार द्वारा हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने के विरोध में 5 मार्च को अदालतों में काम काज सस्पेंड रहेगा। जिला बार एसो के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने बताया कि कैथल के वकील भूपेंद्र सिंह विर्क ने शिवम स्टील, अमरगढ़ गामड़ी के मालिक अमित सेठ से 70 हजार में लोहे की ग्रिल का काम करवाया था। वकील ने उसे 50000 रुपये मौके पर दे दिए और 20000 रुपये बाद में देने की बात कही। जब वकील बाद में उसे 20000 देने गया तो अमित सेठ तैश में आ गया तथा कारीगरों को बुलाकर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोप है कि अमित ने वकील से बकाया बीस हजार रुपये ले लिए तथा 20000 अन्य भी छीन लिए। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इस बारे में थाना सिविल लाइन में केस दर्ज किया गया था लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मलिक ने कहा कि यदि हमला करने वाले की शीघ्र गिरफ्तारी न हुई तो वे हरियाणा की कॉल करेंगे।

# गड्ढों में संतुलन बिगड़ने से पलटा ट्रक चालक -परिचालक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव किछाना कुई व नीमवाला के बीच कैथल अंसध मार्ग पर एक ट्रक खड्डे में पलट गया। इसमें चालक व परिचालक बाल बाल बच गए। ट्रक में सवार राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह दिल्ली से ट्रक में रद्दी अखबार भरकर पटियाला जा रहे थे। सोमवार को सुबह 4 बजे जब वह गांव नीमवाला निकले तो सामने से अचानक ट्रक आ गया। उसको बचाने के चक्कर में चालक का संतुलन बिगड़ने से ट्रक सड़क किनारे खड्डे में पलट गया। जिसमें ड्राइवर सतीश कुमार और परिचालन रोहतास बाल बाल बच गए। उसने बताया कि इससे सारा माल भी सड़क किनारे खड्डे में बिखर गया। जिससे बड़ी मस्शक्त के बाद क्रेन मंगवा कर ट्रक को उठवाया गया और फिर वह बड़ी मुश्किल के बाद वहां से निकाल पाए।



राजौंद। कैथल अंसध मार्ग पर खड्डे में पलटा ट्रक। फोटो :हरिभूमि

## नीरज की 23 मई को तलौडा के पास सड़क हादसे में गई थी जान

# मृतक पुलिसकर्मी के परिवार को 60 लाख का चेक सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जान गवाने वाले ड्राइवर नीरज के परिवार को हरियाणा पुलिस और एचडीएफसी बैंक के सहयोग से सोमवार को 60 लाख रुपये का चेक पीड़ित परिवार को प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने अपने कार्यालय में 40 लाख रुपये राशि का चेक मृतक नीरज की पत्नी तन्नु को, पांच लाख रुपये का चेक उनकी माता संतोष देवी व पांच लाख रुपये का चैक मृतक के पिता जयबीर सिंह को दिया गया। मृतक नीरज 16 फरवरी 2023 से जींद में कौशल रोजगार निगम लिमिटेड हरियाणा की योजना के तहत पुलिस विभाग में कार्यरत थे। 23 मई 2023 को नीरज ड्यूटी कर सफीदों से घर के लिए चले थे। जिसका गांव तलौडा के पास सड़क दुर्घटना में चोटों से देहांत हो गया था। पुलिस विभाग द्वारा इस कर्मचारी के परिवार को एचडीएफसी बैंक की मदद से यह राशि दी गई है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि इस राशि का चेक सौंपने के साथ ही मृतक नीरज के परिवार का कुशलक्षेम जाना और परिजनों से आग्रह किया कि वे नीरज के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करे, यही दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पुलिस विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के तहत उन्हें सभी सुविधाएं प्रदान की जाएगी।



जींद। मृतक की पत्नी को सहायता राशि का चैक देते एसपी सुमित कुमार।

### ये रहे मौजूद

पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों के वेलफेयर से संबंधित कई स्कीम चला रहा है, जिसका लाभ तय समय पर पुलिस कर्मचारियों दिया जाता है। प्रत्येक पुलिस कर्मचारी का बीमा एचडीएफसी बैंक द्वारा हरियाणा पुलिस के साथ तय एक विशेष एमओयू के तहत दिया जाता है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर गुरतेज सिंह, निजी मैनेजर प्रवीण कुमार, वेलफेयर रीडर उप निरीक्षक धर्मपाल व पुलिस प्रवक्ता अमित कुमार मौजूद थे।



पूंडरी। राजौंद मार्ग पर गड्ढों से गुजरते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि

### पूंडरी- राजौंद मार्ग पर गहरे गड्ढों से चालक परेशान

**पाई।** निकटवर्ती भाना गांव में पूंडरी- राजौंद मार्ग टुटा हुआ होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राम कुमार, मनदीप, जसवीर, नरेंद्र, लीलू, रोहित, महावीर, रणधीर आदि ने बताया कि भाना गांव में मुख्य सड़क का बूरा हाल है। इस मर्ग पर गहरे गड्डे बन गये है और कीचड़ की भरमार रहती है। कीचड़ के चलते सड़क के दोनों ओर दुकान पर ग्राहक नही जा सकता। मार्ग से गुजरने वाले दो पहिया वाहन भी कई बार गिरने से चोटिल हो चुके है। गांव में इस सड़क को बनवाने की ग्रामीण कई बार जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके है, परन्तु इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा। ग्रामीणों जिला प्रशासन से इस मार्ग को जल्दी ही बनाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल का टूटा ताला काफी सामान चोरी

**जींद।** गांव गुलकनी राजकीय स्कूल का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने इन्वर्टर, बैटरी तथा मिड-डे मील के बर्तनों को चोरी कर लिया। स्कूल मुखिया की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुलकनी स्कूल के मुख्यिा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने इन्वर्टर, दो बैटरी, दो गैस सिलेंडर, चूल्हा, भट्ठी, सौ सेट गिलास अन्य बर्तनों को चोरी कर लिया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी चोरी

**जींद।** गांव डूमरखां खुर्द में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात चोरी होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डूमरखां खुर्द निवासी पुष्पा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दवाई लेने बाहर गई हुई थी। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरों को चोरी कर लिया।

### खेल उपकरण प्रावधान योजना के लिए 31 तक करें आवेदन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा खेल उपकरण प्रावधान योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों को अनुदान पर विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी।

### आबादी-आरक्षण के हिसाब से सीटें देने की मांग उठाई

**जींद।** पिछड़ा वर्ग समाज ने सभी राजनीतिक दलों से लोकसभा व विधानसभा में आबादी व आरक्षण के हिसाब से सीटें देने की मांग की है। कपिल दिनोदिया व महेंद्र सिंह ने कहा कि ओबीसी वर्ग के लिए देशभर में 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, जिसमें बीसी ए का 16 प्रतिशत व बीसी बी का 11 प्रतिशत आरक्षण शामिल है परंतु अभी तक उन्हें हक नहीं मिल पाया है।

### सरकार ने शुरु की स्पॉन्सरशिप योजना

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि समाज में प्रत्येक बच्चे के सवांर्गिण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई गई है। जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चों की उचित देखभाल एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्पॉन्सरशिप योजना शुरू की है। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित बच्चे को चार हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता मुहैया करवाई जाएगी।

### बीमा योजना पोर्टल किया लॉच : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार ने बागवानी किसानों के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना पोर्टल लॉच किया है। पोर्टल निर्माण का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और किसानों की खेती जोखिम मुक्त बनाना है। योजना के तहत किसानों की फसलों को प्रतिकूल मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### कानूनी जागरुकता कैंप का किया आयोजन

**जींद।** हरियाण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सरकारी कन्या कॉलेज, सामान्य अस्पताल, महिला थाना तथा मीटिंग हॉल लघु सचिवालय में सोमवार को कानूनी जागरुकता कैंपों का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने बताया कि आज यौन शोषण के विरुद्ध विश्व दिवस मनाया जा रहा है।

### साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होते ही 1930 डायल करें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों को लेकर सरकार बहुत गंभीरता से काम कर रही है और आम नागरिकों को भी साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। साइबर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी।

---

### विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

# समाज और देश के विकास में पुरुष और महिलाओं का योगदान समान : कुलपति

**आज की महिला निर्भर नही बल्कि वह हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. शालिनी जैन नवल। फोटो :हरिभूमि

महिला प्रकोष्ठ चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद ने अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह का शुभारंभ हुआ, जो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सात मार्च तक मनाया जाएगा। इसकी थीम इंस्पायर इन्क्लूजन है। वीसी डा. रणपाल सिंह ने मुख्यअतिथि और अन्य सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय महिला स्मारिका का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा पुलिस अकादमी आईजी डा. राजश्री सिंह, सीआरएसयू रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रसिद्ध गायकोनोलॉजिस्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता गुरुग्राम डा. शालिनी जैन, नप जींद चेयरमैन डा. अनुराधा सैनी ने शिरकत की।

कुलपति डा. रणपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज और देश के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतना अधिक सम्मान और अवसर नहीं मिलते लेकिन वक्त के साथ महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा पुलिस अकादमी आईजी डा. राजश्री सिंह ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज में समानता और आत्मनिर्भरता का अधिकार प्रदान करना है। आज की महिला निर्भर नही है, वह हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं और पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम भी हैं। हमें महिलाओं का सम्मान जेंडर के कारण नहीं बल्कि स्वयं की पहचान के लिए करना होगा।



जींद। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं।

#### पहला कदम आत्मविश्वास बढ़ाकर आत्मसम्मान हासिल करना

विशिष्ट अतिथि डा. शालिनी जैन नवल ने महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने हक के लिए पहले खुद से लड़ना होगा। ताकि वह दुनिया की चुनौतियों से लड़ने में मजबूत हो सके। नारी शक्ति को यह स्वीकार करना चाहिए कि आप आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए जीवन में सशक्त हैं। महिलाओं के रूप में लिया जाने वाला पहला महत्वपूर्ण कदम आत्मविश्वास बढ़ाकर आत्मसम्मान हासिल करना, अपना महत्व समझना एवं अपनी देखभाल कर अपना सम्मान करना है और आत्मसम्मान के विकास में अपनी अंदरूनी शक्ति को प्रभावशाली विचारों से सजाना है।

---




जींद। प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी, चौकीदार।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरे चौकीदार

- शहर में किया प्रदर्शन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटर की मोबाइल एप के माध्यम से हाजिरी लगा कर सरपंच को मानदेय, वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देने के रोष स्वरूप प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव रमेश, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार इन कर्मियों को शोषण और बेगार की दलदल में धकेलना चाहती है जिसको सीटू किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरपंच एसोसिएशन की मांग पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल एप में ऑनलाइन हाजिरी लगा कर मानदेय भुगतान का बिल बनाने का अधिकार सरपंच को देने का निर्णय घोर कर्मचारी विरोधी है। हरियाणा में किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को किसी कर्मचारी की हाजिरी लगाने का अधिकार नही है तो सफाई कर्मियों, चौकीदारों और जल कर्मियों बिल बनाने का अधिकार सरपंच को क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सरकार अपने कुछ चहेतों को निजी कर्मचारी उपलब्ध करवा रही है। इससे हर रोज गांव स्तर पर पंचायतों और कर्मचारियों के बीच झगड़े पैदा होंगे और कर्मी गुलाम बनकर रह जाएंगे। उन्होंने मांग की कि सरकार द्वारा अपनाई जा रही ऑनलाइन प्रणाली की बजाय ऑफलाइन हाजिरी लगाई जाए। हाजिरी लगाने का अधिकार ग्राम पंचायत की बजाय पांच-छह गांवों का जोन बना कर सुपरवाइजर की भर्ती हो तथा उस सुपवाइजर के माध्यम से ही ये हाजिरी लगवाई जाए। इस ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था के खिलाफ अगले तीन दिन सात मार्च तक जिला, ब्लॉक स्तर पर धरने आयोजित रहेंगे तथा उसके बाद अगला निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर कृष्ण मोरखी, पवन कुमार, कृष्ण, गुलाब, यशपाल, कपूर सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

---

# थैंक्स मोदी यात्रा निकाली

- नारी उत्थान उनके सम्मान में भाजपा सरकार हमेशा अग्रणी रही : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। शहर में थैंक्स मोदी यात्रा निकालते महिला मोर्चा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान को लेकर किए गए कार्यों को लेकर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा ने जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के नेतृत्व में थैंक्स मोदी यात्रा निकाली। यात्रा विधायक आवास से शुरू हुई और तांगा चौक, पालिका बाजार, शहर थाना से होते रानी तालाब पर संपन्न हुई। यहां महिला मोर्चा को संबोधित करते हुए विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए हैं। नारी उत्थान, उनके सम्मान में भाजपा सरकार हमेशा अग्रणी रही है और आगे भी अग्रणी रहेगी। उन्होंने कहा कि पीएम ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देकर बेटियों को समाज में बराबरी का अधिकार देने का काम किया है। सरकार अपने इस नारे को आज भी सफल और कामयाब बनाने में जुटी हुई है। महिलाओं को आत्मनिर्भर व खुशहाल होने के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग करना होगा। ये बात भी सही है कि नारी शक्ति ने देश और समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार ने महिलाओं के उत्थान एवं उनके कल्याण के लिए ढेरों योजनाएं लागू की हैं।

### फसलों को हुए नुकसान की भरपाई करें सरकार

**उचाना।** बीते विस चुनाव में कांग्रेस से उम्मीदवार रहे एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल ने कहा कि बीते दिनों हुई बारिश, ओलावृष्टि से सरसों, गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। नुकसान की भरपाई के लिए सरकार तुरंत प्रभाव से स्पेशल गिरदावरी के आदेश करें ताकि किसानों को समय पर मुआवजा मिले। किसानों को कम से कम 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा सरकार देने का काम करें। बेमौसमी बारिश ने किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का काम किया है। कटवाल ने कहा कि इस बार खेतों में फसल देखकर किसान खुश था क्योंकि समय पर बिजाई होने के साथ-साथ फसल के अनुकूल मौसम रहने से किसानों को बंपर सरसों, गेहूं की फसल होने की उम्मीद थी। किसान फसल की देखभाल अपने बच्चे की तरह करता है। बारिश, ओलावृष्टि ने किसानों को बंपर फसल होने की जो उम्मीद थी उस उम्मीद को तोड़ने का काम किया है। किसान कर्ज उठा कर खेती करता है ताकि फसल अच्छी होने पर कर्ज उतार सकें। न तो राज राजी किसानों पर है न ही राम राजी किसानों पर है।

# फसल खराबे का मुआवजा दे सरकार

- पीएम वादे अनुसार स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। मुआवजे की मांग करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भारी बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसलिए सरकार इसकी स्पेशल गिरदावरी करवाकर 50 हजार प्रति एकड़ का मुआवजा पीड़ित किसानों को दे। कंडेला ने किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि देश के किसानों की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है, जिसके लिए आजतक की पिछली सरकारें भी जिम्मेदार हैं। कंडेला ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है की अपने वादे के अनुसार स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए और किसानों की सभी फसलों पर एमएसपी का कानून बनाया जाए। कंडेला ने किसानों से अपील की कि किसान शांति से आंदोलन चलाएं, शांति से ही आंदोलन जीता जा सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि किसान नेताओं से बातचीत करके किसानों की मांगों को पूरा करे। इस मौके पर किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जयदीप चहल, पंचायती प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अभेराम, प्रवक्ता छ'जू राम, जनकल्याण मंच के पंचायती प्रकोष्ठ के प्रधान भीरा दालमवाला, किसान नेता प्रधान बेदू कंडेला, लीला, फकीरिया आदि मौजूद रहे।

---



जींद। झुग्गी, झोपड़ियों में पोलियो की खुराक पिलाते स्वास्थ्य कर्मी।

### घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा

**जींद।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के दूसरे दिन घर-घर जाकर पांच साल से छोटे बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई। इसके अतिरिक्त स्थानीय सिविल अस्पताल के पीपी सेंटर की टीम ने स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मी जगदीप, अमरजीत, ओमप्रकाश, दिनेश, गुरनाम तथा नर्सिंग छात्राओं की टीम ने शहर की स्लम बस्तियों, झुग्गी झोपडियों में जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ-साथ नियमित टीकाकरण करवाने के लिए लोगो को प्रेरित करने का कार्य किया। स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने इस अवसर पर लोगो से अपने आसपास साफ.-सफाई बनाए रखने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि अकेले जींद शहर में 27138 बच्चों के लक्ष्य में से 26 हजार से ज्यादा 96% बच्चों को पहले दो दिन में पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारण आज भी पोलियो की खुराक लेने से वंचित रह गए हैं, उनको मंगलवार को भी पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा।

# सड़कों का बिछाया जा रहा जाल : ढांडा

- जुलाना की नई अनाजमंडी में विधायक ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना



जुलाना की नई अनाजमंडी में किसानों की समस्याएं सुनते विधायक अमरजीत ढांडा।

जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए विधायक अमरजीत ढांडा ने कहा कि जुलाना हलके के विकास कार्यों में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। जुलाना हलके में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जुलाना हलके में उन्होंने जलभराव की समस्या का पूरा समाधान करवाया है। इससे पहले जुलाना हलके में हजारों एकड़ फसल जलभराव से खराब हो जाती थी जिसका सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ता था। जलभराव की समस्या को उन्होंने गंभीरता से लिया और पाइप लाइन बिछा कर पूरा समाधान करचाया। ब्राह्मणवास से जुलाना के सोनिया स्कूल तक की सड़क का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। कहा कि सात मार्च को सड़क के टेंडर लगाने की प्रक्रिया होगी। किसानों को मंडी तक फसल लाने में किसी प्रकार की कोई समस्या नही आने दी जाएगी। मौके पर पार्षद प्रतिनिधी पवन करसोला, नरेंद्र लाठर, रीषीराम, कप्तान सिंह, मित्र लाठर आदि मौजूद रहे।




जींद। जागरूकता रैली निकालते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### प्रत्येक व्यक्ति अपने मत का प्रयोग अवश्य करे

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना व कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से देश सेवा का भाव पैदा होता है। यह रैली कॉलेज से शुरू होकर पटियाला चौक, श्याम नगर तक निकाली गई। कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब के इंचार्ज प्रो. संजय खर्ब ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए वोटर सेल्फी प्वायंट बनाया गया है। जिसका उद्देश्य आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित करना है। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डा. रविंद्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें कॉलेज के सामने बने पार्क की साफ -सफाई का कार्य किया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डा. राममेहर सिंह, डा. अजमेर गोयत, डा. मीनाक्षी पोरिया आदि उपस्थित रहे।

---

### छात्र अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहें : प्रो. एसके सिन्हा

# सीआरएस में एल्युमिनी मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




जींद। सीआरएसयू के पूर्व छात्र मिलन समारोह में भाग लेते पूर्व छात्र व स्टाफ।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा एल्युमिनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें अंग्रेजी विभाग के 105 पूर्व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। अंग्रेजी विभाग 2014 में विश्वविद्यालय में स्थापित हुआ था। 2014 से पहले यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रीजनल सेंटर के रूप में कार्य करता था। इस एल्यूमिनी मीट कार्यक्रम में 2014 से लेकर अंतिम सत्र के सभी छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह व कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व बधाई दी। विभागाध्यक्ष प्रो. एसके सिन्हा ने सभी छात्र व छात्राओं को एल्यूमिनी मीट का महत्व बताया कि उनका योगदान किस प्रकार से विश्वविद्यालय को उन्नति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा। अंग्रेजी विभाग के इंचार्ज डा. ममता ढांडा ने सभी पूर्व छात्र व छात्राओं का स्वागत किया तथा अंग्रेजी विभाग द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने विद्यार्थी व वर्तमान जीवन के अनुभव सांझा किए तथा पूर्व छात्र वर्तमान विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन की भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व छात्र मिलन समारोह में अनुभव सांझा करने के साथ-साथ नृत्य, गायन और खेल प्रतियोगिता के रूप में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डा. आनंद, डा. संदीप पन्नू, सीमा, अन्नू मौजूद थी।

#### पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग ने पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया। संगीत एवं नृत्य विभाग रीजनल सेंटर से ही या यूं कहिए 2014 से पूर्व चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का एक रीजनल सेंटर था, जिसे वर्ष 2014 में रा'य स्तरीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। रीजनल सेंटर के दौरान सबसे पहले जो पांच विभाग विश्वविद्यालय में स्थापित हुए उनमें संगीत एवं नृत्य विभाग एक प्रमुख विभाग था। इसलिए 2014 से बहुत पहले से ही संगीत एवं नृत्य विभाग शैक्षणिकए गैर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणीय रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ जसवीर सिंह सुरा के नेतृत्व में संगीत एवं नृत्य विभाग ने पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया।



जींद। ब्रॉज मेडल विजेता दोनों खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### हिंदू कन्या कालेज ने बॉक्सिंग में ब्रॉज मेडल जीता

**जींद।** खेलो इंडिया असम (गुवाहाटी) में आयोजित हुई खेलो इंडिया गेम बॉक्सिंग में हिंदू कन्या महाविद्यालय की दो बहनों निधि व पूजा ने ब्रॉज मेडल जीता है। दोनों खिलाड़ियों ने 14 से 18 जनवरी को नॉर्थ जोन बॉक्सिंग पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में भी ब्रॉज मेडल प्राप्त किया था। इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्य डा. पूनम मोर, शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज डा. नीलम रानी व शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका मीना ने खिलाड़ियों को बधाई दी। कॉलेज समिति के प्रबंधक डा. अंशुल सिंगला व प्रबंधक समिति के मेंबर ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में स्वयंसेविकाओं ने सीखा योगासन

**राजौंद।** गांव सेरधा में स्थित अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय में सात राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन स्वयं सेविकाओं को योगासन करवाए गए। छात्राओं ने योगासन के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त की। सुरेंद्र देवी ने बताया कि योगा करने से हमारे शारीरिक मानसिक तथा सभी स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है।

### शिविर में 540 मरीजों की आंखों की जांच

**पूंडरी।** गांव कौल महिला मंडल भवन में मुफ्त मेगा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवी प्रमोद चूड़माजरा द्वारा आयोजित 38वें कैंप में लोगों को मुफ्त में दवाइयां व चश्मे भी वितरित किए गए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषिराज करनाल की टीम के द्वारा रोगियों की जांच की गई।

### पुलिस ने सटोरिये को नकदी समेत काबू किया

**कैथल।** थाना पुंडरी पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 4170 रुपये नकदी बरामद हुई। थाना पुंडरी एएसआई रणदीप सिंह की टीम को सूचना मिली कि डाकखाना हाबड़ी के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस ने उक्त स्थान पर दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी हाबड़ी निवासी संजीव कुमार को काबू कर लिया गया।

### सरकारी नीतियों को बूथ स्तर तक पहुंचाया जा रहा

**पूंडरी।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी ने कहा कि सरकार पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। वे गांव खेड़ी रायवाली में ग्रामीण सभा को संबोधित कर रही थी। चौधरी ने कहा कि अब भाजपा कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को बूथ स्तर पर हर व्यक्ति से अवगत करवा रहे है। पूर्व की सरकारों में जहां दिल्ली व चंडीगढ़ से स्कीमें चलती थी, वे धरातल पर आते-आते फाइलों व कमीशनखोरों में दम तोड़ देती थी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को किया सम्मानित

**कैथल।** रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा समिति, टोहाना के द्वारा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्य व छात्रों को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉक्टर संजय बहल, कुलपति इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना (हिमाचल) तथा अध्यक्ष डॉक्टर हर्षवर्धन सिंह फाउंडर रहे।

### शहरवासियों को दिया 10 मार्च की रैली का न्योता

**पूंडरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्टी प्रत्याशी सतबीर भाणा ने कहा कि प्रदेश के लोग भाजपा के खोखले वायदों से विमुख होकर कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। सतबीर भाणा सोमवार को पूंडरी में 10 मार्च को अनाज मंडी पूंडरी में होने वाली बदलाव रैली के लिए शहरवासियों को निमंत्रण देने के लिए पहुंचे थे।

### ग्योंग में मनाया राष्ट्रीय व्याकरण दिवस

**कैथल।** 4 मार्च 2024 को आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग की हिंदी भाषा लैब में राष्ट्रीय व्याकरण दिवस मनाया गया। हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि भाषा को मनुष्य का सबसे बड़ा अविष्कार माना जाता है।

### नशा न करने के बारे में दंगल में किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा जनकपुरी कालोनी में आयोजित कुश्ती दंगल के दौरान नशा ना करने का संदेश देते हुए खिलाड़ियों सहित आमजन को जागरूक किया गया। बताया गया कि खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है।

---

### कई-कई दिनों तक नहीं हो रहा कूड़े का उठान

# नपा पूंडरी में सफाई व्यवस्था चरमराई

### दुर्गंध से शहरवासियों को आ रही काफी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

नगर पालिका पूंडरी की ओर से बेशक सफाई व स्वच्छता के लाख दावे किए जाते हैं, परंतु सच्चाई ये है कि सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। शहर से कई-कई दिनों तक नपा की ओर से कूड़े का उठान नहीं हो रहा, जिसके कारण गंदगी से लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। वहीं कूड़ें के लगे ढेरो पर देर रात हुई बरसात के बाद बदबू भी हो चुकी है और दुर्गंध से शहरवासियों को काफी समस्या आ रही हैं।

कूड़ा उठाने के लिए नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सचिव नगर पालिका की ओर से कूड़े वाली एक गाड़ी को नगरपालिका मे खड़ा किया हुआ है, जिसके कारण समय पर कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। अब तो सरकार की तरफ नगरपालिका द्वारा कूड़े उठवाई का टैक्स भी लिया जाता है परंतु फिर भी उठान नहीं होना इस ओर इशारा कर रहा है कि नपा प्रशासन जनसमस्याओं के प्रति गंभीर नही है। स्थानीय लोगों मे कूड़ा समय पर न उठाने व सफाई व्यवस्था को लेकर नपा के रवैये के खिलाफ काफी रोष है। लोगों का कहना है कि शहर से कूड़ा प्रतिदिन उठाना चाहिए और जहां पर कूड़ा डालने का पॉइंट बना हुआ है, वहां भी ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि कूड़ा सड़कों पर न आ पाए।



पूंडरी। शहर के मेन बाजार में बिखरा पड़ा कूड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

#### सफाई कर्मी और साधन पर्याप्त : नपा सचिव

जब इस बारे में नगरपालिका सचिव अशोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूंडरी में इस समय 16 सफाई कर्मचारी हैं और उन्हें एक ट्रैक्टर-ट्राली कूड़ा उठाने के लिए दे भी रखी है और ये उनके हिसाब से बहुत है, लेकिन फिर भी अगर सफाई कर्मचारियों को लगता है कि यह कम है तो वे उन्हें मिलें वे और भी साधन उपलब्ध करवा देंगे।

#### महामारी फैलने का डर

यदि कूड़े के उठान में नगर पालिका प्रशासन को कोई दिक्कत आ रही है तो सम्बंधित अधिकारियों से मिलकर उसको दूर किया जाना चाहिए। अभी बदलते मौसम में जब गंदगी के ढेर लग रहे हैं तो मच्छर मक्खी भी अधिक मात्रा में पैदा हो रहे हैं जिससे लोगों में महामारी फैलने का डर बना हुआ है। शहरवासियों ने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शहरवासी इकट्ठा होकर कैथल डी.सी. से मिलेंगे और नगर पालिका प्रशासन के गलत रवैये व उनके कारण आ रही समस्याओं से उन्हें अवगत करवाएंगे।

---

# भाजपा सभी लोस सीटों पर करेगी जीत दर्ज

- सीएम मनोहर और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं में नया जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

भाजपा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष बलविन्द्र जांगड़ा ने सीवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज देश मोदी जी के हाथों से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश दिन बे दिन प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के आगे विपक्ष बैक फुट पर जा चुका है। सीएम मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं में नया जोश व ऊर्जा से लबालब है।



**सीवन।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए आईटी सेल के जिला अध्यक्ष बलविन्द्र जांगड़ा।

जांगड़ा ने कहा कि प्रदेश में मतदाता भी भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की दस की दस सीटें भाजपा की झोली में डालने का मन बना चुके है। भाजपा ही केवल देश की एकमात्र किरण है और विपक्ष केवल निराशा है।

आज देश इस बात को स्वीकार कर चुका है मोदी सरकार ने दस साल में हर वर्ग को मजबूत किया है। महिला सशक्तिकरण को लेकर अनेक कार्य हुए है। लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला नेतृत्व को मोदी सरकार ने बढ़ाने का काम किया है। जांगड़ा ने कहा कि जितने काम मोदी व मनोहर सरकार में हुए है उतने काम कांग्रेस सरकार ने आज तक नही करवाए। कांग्रेस ने हमेशा जात पात की नीति अपनाकर देश को देश को गुमराह करने का काम किया है। आज देश का जागरूक मतदाता जान चुका है कि कांग्रेस चुनाव के समय झूठे और लच्छेदार भाषण करती है। जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करना मोदी गारंटी से ही सम्भव है।

### भाजपा राज में देश को विश्व स्तर पर सम्मान

**पूंडरी।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा एवं पूंडरी भाजपा कार्यालय प्रभारी कृष्ण शर्मा सांच ने कहा है कि जब इंदिरा गांधी और बाद में राजीव गांधी को प्रधानमंत्री रहते हुए मार दिया गया, तब सरकार किसकी थी। जब मोहनदास करमचंद गांधी को गोलियों से भून दिया गया, तब सरकार किसकी थी। जो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस अपनी सरकार रहते हुए अपने ही प्रधानमंत्रियों की रक्षा नहीं कर सकी, भला वह देश को कैसे संभाल सकती है तथा देश की एकता और अखंडता एवं प्रभुसत्ता को कैसे कायम रख सकती है। यह अपने आप में एक यक्ष प्रश्न है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में भारत को विश्व स्तर पर सम्मान-मान मिल रहा है।

# आधार केवाईसी को शत-प्रतिशत करवाएं

- लंबित ऋण आवेदन पत्रों का जल्द से जल्द निपटारा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि बैंकर्स सभी ग्राहकों के आधार केवाईसी को शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। सभी योजनाओं के लंबित ऋण आवेदन पत्रों का जल्द से जल्द निपटारा करें, ताकि जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। बैंकर्स डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दें तथा लोगों को इसके संदर्भ पूर्ण जागरूक करें। डीसी प्रशांत पंवार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों व बैंकर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की स्कीमों के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभ पहुंचाने के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं, जिसके बाद उन्हें बैंकर्स के पास भेजा जाता है।




**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

इन स्वीकृत आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आवेदकों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स आरबीआई की गाइडलाइन की पालना अवश्य करें। इस बैठक में आरबीआई से विशाल वर्मा, पीएनबी मंडल कार्यालय जींद से वीर मोजा, एलडीएम एसके नंदा, आरसेटी के डायरेक्टर धर्मेन्द्र कथुरिया और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से आए अधिकारीगण और सभी बैंकर्स सदस्य मौजूद रहे।

---

# पुलिस फरवरी माह में रही अपराधियों पर भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



- 31 लाख 37 हजार 200 की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद

फरवरी माह में पुलिस अपराधियों पर भारी रही। शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी आदि के 32 मामलों में 67 आरोपी गिरफ्तार किए गए है।

फरवरी माह दौरान संपंती विरुद्ध शीर्षक के 21 मामलों में 49 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 31 लाख 37 हजार 200 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। इनमें चोरी के 6 मामले में 12 आरोपियों को काबू करके 92200 रुपए की संपत्ति, सेंधमारी के 8 मामलो में 13 आरोपियों को काबू करके 13 लाख 75 हजार रुपए की संपत्ति, स्नैचिंग के 2 मामलों में 4 आरोपियों के कब्जे से 28 हजार रुपए की संपत्ति, लूट के 1 मामले में 2 आरोपियों के कब्जे से 7 लाख रुपए की संपत्ति, डकैती के 2 मामलों में 17 आरोपियों को काबू करके 4 लाख 70 हजार रुपए की संपत्ति तथा ट्रांसफार्मर चोरी व वाहन चोरी के 1 आरोपी को काबू करके 4 लाख 77 हजार रुपए मूल्य की जनसंपत्ती बरामद की गई।

# खेलों से बढ़ता है भाईचारा : बलराज

- रजत ने जीता हनुमान अखाड़ा का 51 हजार का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल के नागरिक अस्पताल के निकट रविवार को 51000 का कुश्ती दंगल करवाया गया। दंगल का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी बलराज नौच ने किया। कार्यक्रम में सूरज सहारण, सरपंच सतनाम सिंह, एडवोकेट चरण सिंह काला, बिट्टू सेगा, विकास शेरगढ़, लक्ष्य गढी व पवन पहलवान करोड़ा, रामफल कोटड़ा, रामधारी कुंडू सहयोगी रहे। अखाड़े में हरियाणा-पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक पहलवान पहुंचे। मुख्य मुकाबले में रजत हनुमान अखाडा ने दीपू दिल्ली को हराकर 51 हजार का ईनाम जीता। इसके अलावा चमकौर पहलवान पंजाब और बलिंद्र गढ़ी का मुकाबला बराबर रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बलराज नौच ने कहा कि खेलों से हमें अनुशासन सीखने को मिलता है तथा भाईचारा बढता है। खेलों के माध्यम से हम स्वस्थ रहकर देश व प्रदेश की उन्नति में सहयोग दे सकते हैं।



**कैथल।** प्रमुख समाजसेवी बलराज नौच मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी सतनाम सिंह प्रेमपुरा को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# ग्रामीणों को शिविर लगाकर किया जाएगा जागरूक : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने बताया कि हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 30 मार्च तक वैन के माध्यम विभिन्न गांवों में कानूनी जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इन शिविरों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटारा, नशे से बचाव, घरेलु हिंस्सा, दहेज, एसिड अटैक, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, आम नागरिकों, गरीब असहाय लोगों एवं मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को कानून में दिए गए उनके व्यक्तिगत हकों, कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया जाएगा। ये जागरूकता वैन 5 मार्च को गांव पाडला एवं सांघन, 6 मार्च को रमाना रमानी एवं बाकल, 7 मार्च को गांव भाना एवं करोड़ा, 11 मार्च को गांव आहूं एवं साकरा, 12 मार्च को गांव संगरोली एवं धेरड़, 13 मार्च को गांव ढुंडवा एवं कौलेखा, 14 मार्च को गांव बेगपुर एवं पोबाला, 16 मार्च को गांव चंदलाना एवं कौल, 18 मार्च को गांव दाबन खेड़ी एवं हंसू माजरा, 19 मार्च को गांव माजरी व अंगोंध, 20 मार्च को गांव थेह बुटाना व मस्तगढ़, 21 मार्च को गांव कसोर एवं तारागढ़ में जाएगी।

---

# साइंस ओलिंपियाड में लहराया परचम

- शौर्य क्लासेज के बच्चों ने झटके छह गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

नेशनल साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में शौर्य क्लासेज के छात्र-छात्राओं ने 6 गोल्ड मेडल अपने नाम किए । जोनल स्तर पर हुई प्रतियोगिता में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें से शौर्य क्लासेज के कक्षा 8 के नमन पुत्र नसीब सिंह व 8 की छात्रा अनु पुत्री अशोक कुमार , कक्षा 9 की मुस्कान पुत्री पवन कुमार, निशा शर्मा पुत्री परमोद शर्मा, निकिता रानी पुत्री बलिंद्र मोर एवम् दीपेंद्र सहारण पुत्र कुलदीप सिंह ने लेवल 1 क्लियर करके 6 गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इन सफल प्रतिभागियों को इंडिया क्लासेस के डायरेक्टर पंकज जांगड़ा ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा की प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से जोनल स्तर पर प्रतिभा का विकास होता है। ऐसे आयोजनों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, अधिवक्ता अमनदीप सिंह, खेल प्रमुख राज सिंह, श्रीकांत आर्यन, अमरदीप सिंह, देवेंद्र सिंह रविंद्र, संजीव , निर्मल, रजत, प्रदीप , अंजू , विनोद, कैप्टन, अंकुश, सुखबीर सिंह, गुरदेव सिंह ने बच्चों को बधाई दी।



**कैथल।** खेलों में अव्वल रहे शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थी।

### भाजपा ने किया भाईचारा बिगाड़ने का काम : राणा

**राजौंद।** इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता इनेलो युवा प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर सिंह राणा ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष की रक्षा नहीं कर पाई, तो आम आदमी की क्या रक्षा करेगी। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार ने सिर्फ हरियाणा का भाईचारा बिगाड़ने का काम किया हैं। इस डबल इंजन की सरकार ने समाज के हर वर्ग को ठगा है, चाहे वह किसान हो या मजदूर हो व्यापारी हो या कर्मचारी हो, सभी को ठगने का काम किया है। उन्होंने जनता से आह्वान किया है कि इस सरकार से जल्द से जल्द पीछा छुड़ाएं अबकी बार यह दिखा दे की प्रदेश को एक संघर्षशील और कर्मठ नेता की जरूरत है।

# छात्राओं को दी करियर की जानकारी

- राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में एक्सटेंशन लेक्चरर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉक्टर रूपेंद्र द्वारा एक एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन करवाया गया।

इसमें ओम ग्लोबल स्टलिंर्ग यूनिवर्सिटी हिसार से मेवा सिंह व डॉक्टर प्रशांत कुमार को आमंत्रित किया गया। मेवा सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओं को रिज्यूम ,सी वी बायोडाटा किस प्रकार से बनाया जाए इसके बारे में तथा साथ ही साथ इंटरव्यू देते समय ध्यान दी जाने वाली बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि ओम ग्लोबल स्टलिंर्ग यूनिवर्सिटी में 8 व 9 मार्च को जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय की छात्राएं भाग लेकर नोकरी हासिल कर सकती हैं।



**कैथल।** डा. मेवा सिंह व प्रशांत कुमार छात्राओं को संबोधित करते हुए।

---

## गोशाला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

# मित्रता नि:स्वार्थ भाव से होनी चाहिए : शास्त्री

- भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा के प्रसंग पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

स्थानीय गोशाला में वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर एक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कृष्ण व गौ भक्तों ने भाग लिया। समापन अवसर पर गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और भागवत कथावाचक सुखविंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कथावाचक सुखविंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा के प्रसंग पर चर्चा की व श्रद्धालुओं को विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मित्रता निःस्वार्थ भाव से होनी चाहिए क्योंकि स्वार्थों के रहते मित्रता नहीं होती और लोगों पर स्वार्थ ही भारी रहता है। जो इन्सान यह कथा सुनता है तो वह भवसागर को पार हो जाता है। उन्होंने सत्संग के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि सत्संग से बुरे विचार मन में नहीं आते और इन्सान की दिनचर्या बहुत बढ़िया गुजरती है, जिसके चलते समाज में भी सुधार देखा जा सकता है। ईश्वर सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की दोस्ती का बखान करते हुए कहा कि हजारों साल बाद भी कृष्ण और सुदामा की दोस्ती की मिसाल दुनिया आज भी देती है।



**गुहला-चीका।** श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करवाते हुए सुखविंद्र शास्त्री।

#### आज तो रंग बरसे रंग महल में...

रंग बरसे रंग महल में भक्तिगीत सुनाया तो पंडाल में आए श्रद्धालु झूमने लगे और सारे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। इस मौके पर गौशाला कमेटी के प्रधान सुशील जिन्दल, देवेन्द्र बंसल, सुभाष चंद, तरसेम , विपिन सूद, सुरेश , सुरेंद्र कुमार, मंजू गुप्ता, पूनम सूद, कविता रानी, रोशनी देवी, बबीता, भागवंती, शीला रानी, सुनीता रानी व राज रानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अग्रवाल धर्मशाला में होगा महा शिवरात्रि निमित्त स्नेह मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चीका द्वारा कल अग्रवाल धर्मशाला चीका में महा शिवरात्रि निमित्त स्नेह मिलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रवक्ता तरसेम ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में डी.एस.पी. गुहला कुलदीप बैनिवाल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा चंडीगढ़ से पंजाब जोन की बी.के. कविता दीदी मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कैथल की बी.के. पुष्पा दीदी द्वारा की जाएगी। महा शिवरात्रि एक ऐसा महत्वपूर्ण उत्सव है, जो सारी सृष्टि के रचयिता व सर्व धर्मात्माओं के परमपिता शिव का भारत भूमि पर होने वाले दिव्य अवतरण का यादगार दिवस है।

**सूचना**

मैं, मनकौर केयर आफ राज निवासी नजदीक गोशाला दादा खेड़ा,न्यु कृष्णा बस्ती के पास,वार्ड न 24,जिला जींद, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार पुत्र श्री राज सिंह निवासी म. नं. 440 वार्ड नं. 4, सुभाष नगर लाईन पार, बहादुरगढ, जिला झज्जर, मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### बीबीपुर गांव में कंवर साहिब महाराज का 10 को सत्संग

**जींद।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर साहिब महाराज 10 मार्च को बीबीपुर गांव स्थित नया राधा स्वामी आश्रम में संगत को सत्संग एवं प्रवचन देंगे। जानकारी देते हुए राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने बताया कि सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा स्वामी के भक्तजन भाग लेंगे।

### धर्मबीर बने भाजपा ओबीसी मोर्चा उचाना मंडलध्यक्ष

**उचाना।** धर्मबीर कश्यप को भाजपा ओबीसी मोर्चा उचाना का मंडलध्यक्ष नियुक्त किया गया। धर्मबीर कश्यप ने इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, सीएम मनोहर लाल, सांसद बृजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रेमलता का आभार व्यक्त किया। कश्यप ने कहा कि ओबीसी वर्ग का केवल भाजपा सरकार ने सम्मान दिया है।

### हरियाणा गौरव पुरस्कार से किया सम्मानित

**उचाना।** टोहाना में राष्ट्रीय शिक्षा समिति द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दरोली खेड़ा के लगभग 20 विद्यार्थियों को हरियाणा गौरव पुरस्कार एवं विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार उन विद्यार्थियों को मिला जिन्होंने बीते साल आयोजित हुई परीक्षा में मेरिट प्राप्त की थी।

### सुरेंद्र बेलरखां के फार्म पर आज जेजेपी की बैठक

**नरवाना।** जननायक जनता पार्टी नरवाना हल्के की मीटिंग आज हलका प्रधान सुरेंद्र गोयत बेलरखा के फार्म पर होगी। जानकारी देते हुए प्रैस प्रवक्ता जयभगवान अमरगढ ने बताया कि आगामी 8 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय चौटाला एक कार्यक्रम के में धरोदी गौशाला में पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता के लिए एक मीटिंग का रखी गई है।

### राज्यपाल छह को दीक्षांत समारोह में करेंगे शिरकत

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय छह मार्च को उचाना उपमंडल में पहुंचेंगें। महामहिम राज्यपाल छह मार्च को दोपहर उचाना के राजीव गांधी कॉलेज के दीक्षांत समारोह में शिरकत कर छात्रों को पारितोषिक वितरण करेंगे। महामहिम राज्यपाल इस तिथि को लगभग सायं चार बजे तक रुकेंगे।

### स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

**नरवाना।** आगामी 10 मार्च को अम्बाला में वैश्य समाज की तरफ से होनी जा रहे स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर अग्रवाल वैश्य समाज की एक बैठक हुई। जिसमें सम्मेलन की तैयारियो का लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में मौजूद महासचिव राहुल बंसल ने कहा कि इस सम्मेलन में जिला जींद की सभी इकाइयों से सैंकड़ों वैश्यजन भाग लेंगे। सदस्य राजेश मित्तल ने बताया कि स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं समाज को एकजुटता, अनिवार्य मतदान और राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का संदेश देंगे।

---

पोर्टल को लेकर दौड़ाया न जाए, स्पेशल गिरदावरी करवाने की मांग

# ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजा की मांग को लेकर डीसी के दरबार पहुंचे किसान

गांव छात्तर, मांडी कलां, कसहून, दुर्जनपुर के किसान सोमवार को ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर लघु सचिवालय पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद






जींद। ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग को लेकर डीसी से मिलने आए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव छात्तर, मांडी कलां, कसहून, दुर्जनपुर समेत आधा दर्जन से 'यादा गांव के किसानों ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मिलकर बारिश तथा ओलावृष्टि से फसल खराबा की स्पेशल गिरदावरी करवाने तथा मुआवजे की मांग की है। गांव छात्तर, मांडी कलां, कसहून, दुर्जनपुर के किसान सोमवार को ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर लघु सचिवालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो मार्च को हुई बारिश तथ ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। गेहूं तथा सरसों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। कटाई को तैयार सरसों में फलिया खाली हो गई। गेहूं पसर गई हैं। गेहूं में दाना अच्छा बन रहा था। अब ओलावृष्टि के कारण दाना खराब हो गया है। दो दिनों से धूप निकलने पर खेतों में फसलों की तबाही साफ देखी जा सकती है। किसानों ने बताया कि उन्होंने कृषि क्रेडिट कार्ड पर लोन लिया हुआ है। फसल बर्बाद होने कारण किश्त भी नही चुकाई जा सकती। गांव छात्तर के किसानों ने बताया कि गांव में सात हजार एकड़ गेहूं तथा तीन हजार एकड़ में सरसों की फसल चौपट हो गई। गांव मांडी कलां के किसानों ने बताया कि गांव में गांव की दो हजार एकड़ में गेहूं की फसल तथा 200 एकड़ में सरसों की फसल खराब हो गई है। यही हालात दुर्जनपुर तथा कहसून के किसानों के रहे। उन्होंने कहा कि बारिश तथा ओलावृष्टि के कारण पशुचारा भी नष्ट हो गया। काफी ऐसे किसान हैं जिन्होंने खेतों को ठेके पर लिया हुआ है। फसल खराब होने के चलते किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की कि फसल खराबा की स्पेशल गिरदावरी करवा उन्हें मुआवजा दिलाया जाए। किसान धर्मबीर, रामदिया, खुशीराम, रामफल राजेंद्र,पाला महाबीर ने बताया कि फसल अच्छी लगी थी। सरसों का काटना शुरू कर दिया था।

### किसानों ने कहा-पोर्टल के चक्कर में किसानों को न उलझाएं सरकार

**उचाना।** ओलावृष्टि से खराब हुई फसल के नुकसान की भरपाई के लिए स्पेशल गिरदावरी की मांग के साथ-साथ वर्ष 2021, 2022, 2023 के बकाया मुआवजा की मांग को लेकर एसडीएम उचाना गुलजार मलिक के माध्यम से सीएम मनोहर लाल को ज्ञापन भेजा गया। यहां पर उचाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भारी संख्या में किसान पहुंचे। पहले खराब हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलने पर सरकार के खिलाफ किसानों ने नारेबाजी कर रोष भी प्रकट किया। 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने की मांग किसानों ने इस ज्ञापन के माध्यम से की। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों को पोर्टल के चक्कर में न उलझा कर स्पेशल गिरदावरी करके किसानों को जल्दी से जल्दी मुआवजा दे। किसान को पोर्टल के बारे में जानकारी नहीं है। ऐसे में सरकार अपने स्तर पर स्पेशल गिरदावरी करवा कर तुरंत मुआवजा किसानों को देने का काम करें। पहले जो फसल खराब



हुई है उनका मुआवजा बाकी है वो मुआवजा भी सरकार किसानों को देने का काम करें जो आज तक बकाया है। जो 5 एकड़ तक की शर्त लगाई गई है वो भी हटाए जाए। 5 एकड़ से अधिक खेती करने वाले किसानों के साथ बेइंसाफी होगी।



### मेरी फसल-मेरा ब्योरा क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला, ब्योरा दर्ज पर होगी गिरदावरी

**जींद।** दो दिन पहले बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के कारण रबी की फसलों को हुए नुकसान की जानकारी देने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा क्षतिपूर्ति पोर्टल सोमवार को खोल दिया है। अब किसान इस पोर्टल पर अपनी फसलों के हुए नुकसान का ब्योरा दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद जिला राजस्व विभाग की ओर से बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी की जाएगी और फिर किसानों को मुआवजा वितरित किया जाएगा। सीएससी (अटल सेवा केंद्र) से या अपने स्मार्ट मोबाइल फोन से भी किसान यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। फसल खराबे की रिपोर्ट भेजने के लिए किसान अपने एंड्रोयड मोबाइल फोन से भी फसल खराबे की रिपोर्ट मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड कर सकता है, जिसके पास एंड्रायड मोबाइल फोन नही है, उसको सीएससी (अटल सेवा केंद्र) का सहारा लेना पड़ेगा। पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करने के लिए किसान अपना मोबाइल नंबर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं जो फसल रजिस्ट्रेशन के समय अपलोड करवाया था। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र के आईडी नंबर से या फिर फसल रजिस्ट्रेशन के समय जो आईडी नंबर मिला थाए उससे भी फसल खराबे की रिपोर्ट अपलोड की जा सकती है। हालांकि यह प्रक्रिया किसानों को जल्द से जल्द करनी होगी। क्योंकि इसके बाद जिला राजस्व विभाग की तरफ से बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी करवाई जाएगी और उसके बाद किसानों को मुआवजा वितरित किया जाएगा।

---



### शहीद की पत्नी व बेटी को दिल्ली में सेना ने दिया सम्मान

**अलेवा।** दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर सेना की तरफ से आयोजित निकटतम संबंधी समारोह में जींद जिले के गांव किशनपुरा के जम्मू-कश्मीर के राजौरी क्षेत्र के मैंढर सेक्टर में आंतकवादियों के विरूद्ध चलाए सर्च अभियान में शहीद हुए महावीर सिंह यादव की पत्नी गगनदीप उर्फ पिंकी व बेटी डा. दीक्षा यादव को सम्मान दिया गया। गांव किशनपुरा निवासी शहीद की पत्नी गगनदीप उर्फ पिंकी ने बताया कि उसके पति महावीर सिंह यादव 1989 में भारतीय सेना की इंजीनियर कोर में बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। महावीर सिंह यादव जोकि 39 राष्ट्रीय राइफल में तैनात थे। 16 मई 2003 को रात करीब साढे नौ बजे कश्मीर में आंतकवादियों के विरूद्ध चलाए जा रहे सर्च आप्रेशन के दौरान दो आंतकवादियों के मार गिराने के बाद क्रास फायरिंग में देश के नाम शहीद हो गए थे। शहीद की पत्नी का कहना है कि महावीर शुरू से ही हंसमुख, जिंदा दिल जांबाज सैनिक था। जिससे सारी यूनिट अपनी शान समझती थी।

### आदर्श वमावि के छात्रों को शुगर मिल का भ्रमण कराया गया

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ मिलकर विद्यार्थियों को शुगर मिल का भ्रमण करवाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने कहा कि शुगर मिल एक महत्वपूर्ण पोषण स्त्रोत है और छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस भर्मण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को चीनी के निमार्ण प्रिक्रिया को समझाना है। दैनिक जीवन मे अनेक ऐसी चीजों का प्रयोग करते है।

## विधायक गोलन ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- पहले भी बहुत विधायक रहे किसी ने फली तक नहीं फोड़ी : गोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हल्का विधायक चौ. रणधीर सिंह गोलन ने अपने कार्यालय पर हल्कावासियों की समस्याओं का निवारण किया। गोलन ने सभी संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूंडरी हल्कावासियों की जनता के कायार्ें को प्राथमिकता से करें। इसके बाद विधायक नें पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उन्हें अपनें लोगों के बीच रहकर हमेशा ही आनंद की अनुभूति होती है। पूंडरी हल्कावासियों के काम करना ही मेरे लिए ईश्वर की सच्ची पूजा के समान है। जो जिम्मेवारी हल्कावासियों नें साढे.4 वर्ष पहले दी थी उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का काम किया है। अगर विकास की बात करें तो कोई भी गांव ग्रांटों से अछूता नहीं हैं। हर जगह काम चले हुए दिखाई देते हैं। यह सब कुछ पूंडरी वालों के प्यार और आशीर्वाद के कारण ही संभव हो पाया है। आज से पहले भी बहुत विधायक रहे किसी ने फली तक नहीं फोड़ी। जब पूंडरी के विकास की चर्चा बाहर के क्षेत्रों में होने लगती है तो मेरे प्यारे हल्कावासियों का सीना गर्व से ऊंचा हो जाता है। गोलन ने कहा कि हर वक्त पूंडरी हल्कावासियों की भलाई में काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आज जनता नं यह कहना शुरु कर दिया है कि पूंडरी में गोलन है तो मुमकिन है। हमनें जो भी कहा उसको करके दिखाया। किसी भी साथी को झूठी दिलासा नहीं दी। रणधीर गोलन ने सभी कार्यकर्त्ता साथियों से आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पूरी मेहनत से जुट जानें को कहा। पूंडरी कार्यालय पर पहुंची जनता का एक ही कहना था कि हमारे विधायक की कार्यशैली का अंदाज ही निराला है और पूंडरी हल्के में जबरदस्त विकास करके एक रिकार्ड गोलन नें स्थापित कर दिया है। इस मौके पर बल्ली ढुल, सतपाल संगरौली, कर्मा भाणा, दिलबाग बुच्ची, सतबीर, सुभाष बाकल आदि उपस्थित रहे।



पूंडरी। हलके से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए विधायक रणधीर सिंह गोलन। फोटो : हरिभूमि

## रामकुमार गर्ग फिर बने नई मंडी प्रधान

- आढ़तियों की दी जाए पूरी आढ़त, घटोतरी का केस भी जीते आढ़ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कृष्ण गर्ग सोमवार को कैथल की नई अनाज मंडी में स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में मंडी के आढ़तियों की एक बैठक हुई, जिसमें रामकुमार गर्ग को दुबारा से सर्वसम्मती से नई अनाज मंडी का प्रधान चुन लिया गया। इसके अलावा बैठक में शोरटेज का केस कोर्ट से जीतने, मंडी के आढ़तियों का पैसा मारकर भागने आदि अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक शुरू होते ही राम कुमार ने प्रधान पद से इस्तीफा दिया और मंडी एसोसियशन के मैनजर अमित मितल ने वर्ष 2023- 24 का लेखा जोखा पढ़कर सुनाया। इसमें बताया गया कि वर्ष 2022- 23 के नुकसान तथा वर्ष 2023-24 में हुए खर्चों का काट कर एसोसियशन को लगभग 5.50 लाख का फायदा हुआ। इसके बाद मंडी के पूर्व चेयरमैन धर्मपाल कटवाड़ के द्वारा राम कुमार गर्ग को पुनः प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका मंदिर में उपस्थित सभी आढ़तियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके बाद ईश्वर सिंह ने बताया कि वर्ष 2003 में हेफैड के द्वारा आढ़तियों से लगभग 7.5 लाख की शोरटेज वसुली की गई थी। इस वसूली का केस उन्होंने माननीय कोर्ट में डाला हुआ था, जिसको वे जीत गए और कोर्ट में इस मामले में हेफैड की सम्पती भी अटैच करवा दी गई है। बैठक में बताया गया कि मंडी के 88 आढ़तियों ने अभी तक पिछले वर्ष का चौकीदारा नही दिया। कुछ आढ़तियों ने बताया कि मंडी के आढ़तियों का पैसा कुछ लोग मार कर भाग जाते है, इस बारे में प्रधान बताये कि उनका क्या होगा। नव नियुक्त प्रधान राम कुमार गर्ग ने बताया कि आढ़तियों की एक कमेटी बनाई जाएगी। मंडी प्रधान अश्वनी ने बताया कि मामला प्रदेश की मंडियों का है और अब चुनाव में जो भी उम्मीदवार आढ़तियों को सरकार से पूरी आढ़त दिलवाने का पक्का आश्वासन देगा, उसका पूरा समर्थन करेंगे।



कैथल। अनाज मंडी कैथल के नवनियुक्त प्रधान रामकुमार गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को : दानिश गुप्ता

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने कहा कि आगामी 9 मार्च 2024 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अलग-अलग न्यायधीशों की अध्यक्षता में 6 बैंचे गठित की गई हैं। इन बैंचों में न्यायधीशों के साथ एक-एक वकील भी जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित मामलों को निपटानें के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। लोक अदालत की विशेषता है कि इसमें कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और भुगतान पहले ही कर दिया गया है।

## कार्यों पर खर्च होंगे सांसद निधि से 94 लाख : हरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा हलके के गांवों में युवाओं की मांग पर ओपन जिम, इंडोर जिम मुहैय्या करवाने के साथ-साथ विभिन्न गांवों में चौपालों के साथ-साथ अन्य कार्य पर 95 लाख रुपए सांसद निधि से खर्च किए जा रहे है। 16 गांवों के 17 कार्य पर ये ग्रांट खर्च होनी थी। 9 काम सांसद निधि से पूरे हो चुके है तो 4 कामों पर कार्य चल रहा है जो एक सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। ऐसे ही 4 कामों पर कार्य शुरू हुआ है जिनको पूरा होने पर कुछ समय लगेगा। उचाना हलके की 36 ग्राम पंचायतों को सांसद निधि से पानी के टैंकर मुहैय्या करवाए जा चुके है। उन्होंने कहा कि निरंतर समय-समय पर सांसद बृजेंद्र सिंह अपने जन संपर्क अभियान के तहत गांवों में जाकर ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे है। गांव के विकास को लेकर वो सांसद निधि से मांगों को मंजूर कर राशि भिजवा रहे है। ग्रामीण स्वस्थ रहे इसको लेकर जिम के सामान की जो मांग होती है उस मांग को पूरा किया जा रहा है।



हरेंद्र सिंह।

## मार्च माह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल देंगे जिले को करोड़ों की सौगातः प्रशांत पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगामी 7 मार्च को प्रदेश के कई जिलों वर्चुअल माध्यम से करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसी कड़ी में कैथल जिले में 15 करोड़ 34 लाख 56 हजार रुपये की 15 परियोजनाओं को उद्घाटन एवं करीब 86 करोड़ 50 लाख की 4 परियोजनाओं को शिलान्यास करेंगे। जिला स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों की वीडियो क्लिप भी जारी किया जाएगा। डीसी प्रशांत पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 15 गांवों, जिनमें ढांड, कौल, फरल, अजीमगढ़, बुढ़नपुरा गुजरान, चौशाला, बदनारा, बुच्ची, खेड़ी गुलाम अली आदि, अमृत प्लस सरोवर योजना के तहत बने सरोवरों का उद्घाटन करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

राशन डिपो संचालक की सेवाएं रद करने की मांग

## राशन वितरण में गोलमाल, पंचायत डीसी से मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लखमीरवाला की ग्राम पंचायत ने राशन डिपो संचालक पर राशन वितरण में गड़बड़ करने तथा गांव की सरपंच के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत डीसी मोहम्मद इमरान रजा से की है। डीसी ने मामले की जांच करवाने तथा कार्रवाई का आश्वासन पंचायत को दिया है। गांव लखमीरवाला के सरपंच प्रतिनिधि दिनेश के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने डीसी को दी शिकायत में बताया कि गांव में राशन डिपो चलाने वाला राजेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आए राशन में व्यापक स्तर पर गड़बड़ कर रहा था। महिलाओं को देर शाम को बुलाता है। निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलता है। मनमर्जी से राशनकार्ड धारकों को राशन देता है। जब गांव की सरपंच ने शिकायतों पर राशन डिपो संचालक से पूछताछ की तो उसके साथ भी दुर्व्यवहार पर उतर आया। वर्ष 2015 की जांच मे वह दोषी पाया गया था। यहां तक कि राशन डिपो संचालक की स्पलाई का भी तीन साल तक सस्पेंड किया गया था। अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फिर से राशन डिपो ले आया। अब फिर से वह राशन वितरण में अनियमितता बरत रहा है। उन्होंने माग की कि राशन डिपो होल्डर की तुरंत प्रभाव से सेवाएं रोकी जाएं। गांव के किसी बेरोजगार को डिपो अलॉट किया जाए। इस मौके पर अनीता, सलमा, बीरमती, सुशील, विजेंद्र, कृष्ण, रमेश, राजेश समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



जींद। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा।

